फैक्स/ई-मेल/तत्काल

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

1- तिलक मार्ग, लखनऊ।

संख्या:डीजी-चार-173(165)2018

दिनांक: अप्रैल 15 ,2019

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/
पुलिस अधीक्षक/प्रभारी जनपद
उत्तर प्रदेश।

विषय:-आरक्षी नागारिक पुलिस एवं प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के पदों पर सीधी भर्ती-2018 में चयनित अभ्यर्थियों में से आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को जे0टी0सी0 हेतु जनपद आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक कार्मिक उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय प्रयागराज द्वारा आरक्षी नागारिक पुलिस एवं प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के पदों पर सीधी भर्ती-2018 में चयनित अभ्यर्थियों में से आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को जे0टी0सी0 हेतु जनपद आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया है।

2. उपरोक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पत्र दिनांकित: 08-03-2019 द्वारा उपलब्ध करायी गयी बुकलेट/हार्ड कापी में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर चयनित 23238 अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करायी गयी है।

3. अतएव निदेशानुसार उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से उपलब्ध करायी गयी सूची में अंकित 23238 अभ्यर्थियों को अनन्तिम रूप से जनपद आवंटित कर मय सूची के अग्रेंतर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। उक्त सूची उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **Karmik (Orders/Cir.)/ Circulars Regarding Establishment Matters of Non GOs by DGP HQ** पर भी प्रदर्शित की जा रही है।

4. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित घोषित किये गये सभी 23238 अभ्यर्थियों को जे0टी0सी0 हेतु जनपद आवंटित कर दिया गया है। जे0टी0सी0 हेतु जनपद आवंटन का तात्पर्य यह नहीं है कि चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान कर दी गयी है। **आवंटित जे0टी0सी0 के जनपदीय पुलिस अधीक्षक/नियुक्ति प्राधिकारी केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करेगें, जो चिकिसीय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन में सफल घोषित होगें।**

संलग्नक:यथोपरि।

(अनिल कुमार) 15/04/19
पुलिस उपाधीक्षक, स्थापना
कृते-अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्या तथा दिनांक वही :-

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1- अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र संख्या:प्रनि-प-341/2018 दिनांक:11-03-2019 के क्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

2- समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।

3- समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।

4- पुलिस अधीक्षक, कार्मिक, पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज।

(अनिल कुमार) 5/04/19

पुलिस उपाधीक्षक, स्थापना

कृते-अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।